केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
( शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन )
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

सीबीएसई/सचिव/ओ.आर.आई. परीक्षा/2026 दिनांक: 20.03.2026

**विषय: विद्यालय परामर्शदाताओं के लिए ऑनलाइन दूरस्थ अन्वीक्षण परीक्षा (पर्यवेक्षित आकलन)**

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा छात्र सहायता प्रणालियों को सुदृढ़ करने की अपनी सतत प्रतिबद्धता के अंतर्गत क्षमता निर्माण एवं गुणवत्ता आश्वासन रूपरेखा के हिस्से के रूप में विद्यालय परामर्श एवं वेलनेस शिक्षकों (सामाजिक-भावनात्मक परामर्शदाताओं) के लिए एक ऑनलाइन दूरस्थ अन्वीक्षण परीक्षा (पर्यवेक्षित आकलन) Online Remote Invigilation Examination (Proctored Assessment) शुरू की गई है। यह परीक्षा चरणबद्ध तरीके से आयोजित की जानी है, जिसके द्वारा सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के लगभग 10,000 परामर्शदाताओं का प्रमाणन/ आकलन किया जाएगा, जिसका प्रथम बैच फरवरी 2026 से प्रारंभ हो चुका है।

यह आकलन पारंपरिक परीक्षा से आगे बढ़कर परामर्शदाताओं के कौशल, आचार-नीति समझ एवं व्यावहारिक प्रयोग का मूल्यांकन करता है, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे विद्यार्थियों के कुशल-क्षेम/कल्याण में सहयोग हेतु अच्छी तरह से तैयार हैं। AI-सक्षम प्लेटफॉर्म (DIGI-EXAM) पर आयोजित की जाने वाली यह परीक्षा सुरक्षित, पारदर्शी एवं मानकीकृत मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करती है तथा डिजिटल आकलन साधनों की जानकारी होने को भी बढ़ावा देती है। इस पहल का उद्देश्य एक सुदृढ़ एवं भविष्य के उपयुक्त आकलन तंत्र स्थापित करना है, जिसमें निम्नलिखित पर विशेष ध्यान दिया गया है:

- सुरक्षित एवं विस्तार योग्य डिजिटल आकलन प्रणाली
- मूल्यांकन में सत्यनिष्ठा, निरंतरता एवं विश्वसनीयता
- दूरस्थ सहभागिता के माध्यम से समान पहुँच सुनिश्चित करना
- राष्ट्रीय डिजिटल शैक्षिक लक्ष्यों एवं वैश्विक श्रेष्ठ पद्धतियों के साथ अनुरूपता

स्कूल काउंसलर्स के लिए यह ऑनलाइन दूरस्थ अन्वीक्षण परीक्षा (पर्यवेक्षित आकलन) विद्यालयों में मानसिक स्वास्थ्य एवं कुशल-क्षेम/कल्याण में सहायता को सुदृढ़ करने की दिशा में सीबीएसई के दूरदर्शी दृष्टिकोण को दर्शाती है। उन्नत प्रौद्योगिकी के साथ सुदृढ़ मूल्यांकन को एकीकृत करते हुए, यह पहल न केवल पेशागत मानकों को बेहतर करती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि काउंसलर्स विद्यार्थियों की बदलती आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अच्छी तरह से सक्षम हों।

अतः सभी संबद्ध विद्यालयों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके काउंसलिंग एवं वेलनेस शिक्षक (सामाजिक-भावनात्मक काउंसलर्स) बोर्ड द्वारा समय-समय पर दी गई सूचना अनुसार/ नामित किए जाने पर इस ऑनलाइन दूरस्थ अन्वीक्षण परीक्षा (पर्यवेक्षित आकलन) में भाग लें। नामांकन विद्यालयों द्वारा ओएसिस (OASIS) पोर्टल पर काउंसलर्स के नवीनतम विवरण के आधार पर किया जाएगा, अतः विद्यालयों को सलाह दी जाती है कि काउंसलर्स की जानकारी नियमित रूप से अद्यतन रखें।

हस्ता/-

**(हिमांशु गुप्ता)**

**सचिव**

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित संबंधित विद्यालयों, निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में यह सूचना प्रसारित करने के अनुरोध सहित :**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, नोएडा-201309
3. निदेशक, एनसीईआरटी, श्री अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली 110016
4. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
5. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
6. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के निकट, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
7. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
8. जन अनुदेशन निदेशक (स्कूल), संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
9. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम -737101
10. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर -791111
11. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर - 744101
12. स्कूल शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नं.101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल - लद्दाख
13. स्कूल शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेया टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश - 521456
14. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएसईएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
15. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
16. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नं. 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
17. राज्य परियोजना निदेशक, ओडिशा आदर्श स्कूल संगठन, नंबर-1/9, नयापल्ली, पी.ओ. सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर, जिला-खोर्दा, ओडिशा-751005
18. अध्यक्ष, सीबीएसई के उस सचिव
19. सभी निदेशक/विभागाध्यक्ष, सीबीएसई
20. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारीगण को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुखों को यह परिपत्र भेजें।
21. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, सीबीएसई
22. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
23. संयुक्त सचिव (आईटी इकाई),सीबीएसई को इस अनुरोध के साथ कि इस परिपत्र को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करें।

हस्ता/-

**सचिव**